The

# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIRS BOOSTER

27 – 07 – 22

WEDNESDAY



### 1. आंध्र प्रदेश का 'फैमिली डॉक्टर प्रोजेक्ट क्या है?



आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने विशाखापत्तनम जिले के पद्मनाभम मंडल में पायलट आधार पर "फैमिली डॉक्टर प्रोजेक्ट" को लागू करने का निर्णय लिया है। इस परियोजना के 15 अगस्त 2022 से लागू होने की संभावना है। इस परियोजना को ग्रामीण आबादी के बीच स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू किया जाएगा।

"फैमिली डॉक्टर प्रोजेक्ट" के एक भाग के रूप में, वार्ड और ग्राम सचिवालयम में लोगों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं की देखभाल के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) के एक डॉक्टर को उपलब्ध कराया जाएगा।

वार्ड के निवासियों के लिए चिकित्सक सुबह 9 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक रोगी सेवाएं प्रदान करेंगे।

दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक लंच ब्रेक दिया जाएगा।

वही डॉक्टर दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक फिर से उन रोगियों के पास जाएंगे, जो गंभीर रूप से बीमार हैं और जिन्हें प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल की आवश्यकता है।

डॉक्टर के दौरे से पहले, ANM, आशा कार्यकर्ता और मिड-लेवल हेल्थ प्रोवाइडर (MLHPs) घर-घर जाकर उन लोगों की पहचान करेंगे, जिन्हें डॉक्टर की सेवाओं की आवश्यकता है।

उनके द्वारा विस्तृत सूची डॉक्टर को प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद PHC के डॉक्टर इन घरों का दौरा करेंगे और स्वास्थ्य सेवाएं देंगे।

### 2. कृष्ण लाल पंवार ने किया 69वीं सीनियर नेशनल पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ



दादरी की नई अनाज मंडी में चल रही चार दिवसीय 69वीं सीनियर नेशनल पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का रविवार देर रात को समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की टीम ने कड़े व रोमांचक मुकाबले में महाराष्ट्र की टीम को हराकर विजेता की ट्राफी पर कब्जा जमाया। भारतीय रेलवे सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में लगातार चौथी बार चैंपियन बनी है। फाइनल मुकाबले में भारतीय रेलवे की टीम ने 38 अंक तथा महाराष्ट्र की टीम ने महज 21 अंक हासिल किए। प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम तीसरे स्थान पर रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त श्याम लाल पूनिया राज्यसभा सदस्य व एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार महासचिव कुलदीप दलाल

राजस्थान एसोसिएशन अध्यक्ष तेजस्वी गहलोत दादरी अध्यक्ष राजेश फौगाट ने विजेता भारतीय रेलवे उपविजेता महाराष्ट्र तथा तीसरे स्थान पर रही हरियाणा टीम के खिलाड़ियों को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया।

### 3. इंदरमीत गिल बने वर्ल्ड बैंक के चीफ इकनॉमिस्ट, दिल्ली से है खास ना



भारत के अर्थशास्त्री इंदरमीत गिल (Indermit Gill) को वर्ल्ड बैंक (World Bank) का चीफ इकनॉमिस्ट बनाया गया है। उनकी नियुक्ति एक सितंबर 2022 से प्रभावी होगी। गिल इस पद पर नियुक्त होने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले कौशिक बासु (Kaushik Basu) 2012 से 2016 तक इस पद पर रहे थे। गिल अभी वर्ल्ड बैंक में इक्विटेबल ग्रोथ, फाइनेंस और इंस्टीट्यूशंस के वाइस-प्रेजिडेंट हैं। 2016 से 2021 के बीच वह Duke University में प्रोफेसर ऑफ पब्लिक पॉलिसी और Brookings Institution में ग्लोबल इकॉनमी एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम में नॉन-रेजिडेंट सीनियर फेलो रहे।गिल को चीफ इकनॉमिस्ट के साथ-साथ डेवलपमेंट इकनॉमिक्स का सीनियर वाइस-प्रेजिडेंट बनाया गया है। वर्ल्ड बैंक के प्रेजिडेंट डेविड मलपास ने एक बयान में कहा कि इंदरमीत गिल तो ग्रोथ, गरीबी, इंस्टीट्यूशंस, कनफ्लिक्ट और क्लाइमेट चेंज जैसे मुद्दों पर सरकारों के साथ काम करने का व्यापक अनुभव है। उनके अनुभवों का लाभ बैंक को मिलेगा। वह Carmen Reinhart की जगह लेंगे। गिल ने कहा कि Reinhart बड़ी लकीर खींचकर गए हैं और उनके लिए इस पर चलना सम्मान की बात है।

वंडर वुमेन फेस्ट में बीबा, वेरो मोडा और अधिक जैसे शीर्ष ब्रांडों को 70% तक की छूट पर एक्सप्लोर करें, अब 30 जुलाई तक लाइव, सर्वोत्तम ऑफ़र प्राप्त करने के लिए अभी खरीदारी करें।

### 4. भारत ने 5 नए रामसर स्थलों को नामित किया



भारत ने अंतरराष्ट्रीय महत्व के पांच नए आर्द्रभूमि स्थल नामित किए हैं, जिसमें तमिलनाडु में तीन आर्द्रभूमि स्थल (करीकिली पक्षी अभयारण्य, पल्लिकरनई मार्श रिजर्व फॉरेस्ट और पिचवरम मैंग्रोव), मिजोरम में एक (पाला आर्द्रभूमि) और मध्य प्रदेश में एक आर्द्रभूमि स्थल (साख्य सागर) शामिल हैं। इस प्रकार, देश में रामसर स्थलों की कुल संख्या 49 से बढ़कर 54 हो गयी है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, भूपेंद्र यादव ने कहा, "यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 5 और भारतीय आर्द्रभूमि को अंतरराष्ट्रीय महत्व के आर्द्रभूमि के रूप में रामसर की मान्यता मिली है।"

## 5. एक डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में भारतीय विरासत संस्थान की स्थापना की जाएगी



भारतीय विरासत और इसके संरक्षण से संबंधित क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्रदान करने और अनुसंधान के लिए जल्द ही एक डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में भारतीय विरासत संस्थान की स्थापना की जाएगी। संस्कृति और पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज लोकसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय विरासत संस्थान की स्थापना उत्तर प्रदेश के नोएडा, गौतमबुद्धनगर में की जाएगी। यह संस्थान कला के इतिहास, संरक्षण, संग्रहालय विज्ञान, अभिलेखीय अध्ययन, पुरातत्व, निवारक संरक्षण जैसे विषयों में स्नातकोत्तर और शोध डिग्री प्रदान करेगा। श्री रेड्डी ने यह भी बताया कि भारतीय विरासत संस्थान पूरे सांस्कृतिक क्षेत्र में मानव संसाधन की जरूरतों को पूरा करने के लिए है। ज्ञात है कि नई शिक्षा नीति में शैक्षिक पाठ्यक्रम के अभिन्न अंग के रूप में संस्कृति को शामिल करने की परिकल्पना की गई है। श्री रेड्डी ने यह भी कहा कि इस संस्थान के खोले जाने से उच्च स्तर पर संग्रहालय विज्ञान के अध्ययन को बढ़ावा मिलेगा।

एक पूरक प्रश्न के जवाब में संस्कृति राज्य मंत्री, अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि डिप्लोमा और प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम भी विशेष रूप से कला के इतिहास, संग्रहालय और संरक्षण के अंतर्गत प्रदान किए जाएंगे, जिससे जमीनी स्तर पर मानव संसाधन की जरूरतों में सुधार हो सकेगा।

## 6. 36वी अखिल भारतीय डाक वेटलिफ्टिंग,पावर लिफ्टिंग




5 जुलाई (हि.स.)। राजस्थान डाक परिमंडल जयपुर द्वारा 36वी अखिल भारतीय डाक वेटलिफ्टिंग,पावर लिफ्टिंग, शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आयोजन 26 जुलाई से 29 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 जुलाई की सुबह ग्यारह बजे राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा इनडोर स्टेडियम सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में राजस्थान के अलावा अन्य परिमंडलों में कार्यरत भारतीय डाक विभाग के करीब 180 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। राजस्थान डाक परिमंडल ने इस प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। प्रतियोगिता का पुरस्कार समापन समारोह 29 जुलाई की शाम चार बजे महा निदेशक डाक सेवाएं आलोक शर्मा के द्वारा किया जाएगा।

सहायक निदेशक दयानंद ने बताया कि भारतीय विभाग में एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग, शतरंज एवं

क्रिकेट सहित कई अन्य खेलों के खिलाड़ी कार्यरत हैं। वहीं डाक विभाग द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता।

### 7. तीन सितंबर से शुरू होगा जम्मू फिल्म महोत्सव, 15 देशों की 54 फिल्म होंगी प्रदर्शित



जम्मू फिल्म महोत्सव का दूसरा संस्करण यहां तीन सितंबर से आयोजित किया जाएगा। दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 15 देशों की 54 फिल्म प्रदर्शित की जाएंगी। केंद्रशासित प्रदेश की शीतकालीन राजधानी जम्मू में पहला अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव सितंबर 2019 में आयोजित किया गया था। कोविड-19 की वजह से दो साल से इस महोत्सव का आयोजन नहीं हो पाया था।

### 8. IIT कानपुर ने 'निर्माण' नामक कार्यक्रम की शुरुआत की




आईआईटी कानपुर में स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) ने भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समर्थित "निर्माण" त्वरक कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवा और कृषि डोमेन में लगे विनिर्माण स्टार्टअप पर ध्यान केंद्रित करेगा ताकि उन्हें अपने प्रोटोटाइप-टू-मार्केट यात्रा से चुनौतियों का सामना करने में मदद मिल सके।

## ONE LINER

**आरबीआई गवर्नर:** शक्तिकांत दास

**पिरामल एंटरप्राइजेज के संस्थापक:** अजय पीरामली

**पिरामल एंटरप्राइजेज के सीईओ:** पीटर डी यंग

**केंद्रीय सूचना, प्रसारण, खेल और युवा मामले मंत्री:** अनुराग ठाकुर

**मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री:** शिवराज सिंह चौहान

**सेनाध्यक्ष:** जनरल मनोज पांडे

**भारत के रक्षा मंत्री:** राजनाथ सिंह

**हवाईअड्डा परिषद अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय स्थान:** मॉन्ट्रियल, कनाडा;

**एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल की स्थापना:** 1991।

## QUIZ

**1.कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री के रूप में निम्न में से किसने शपथ ली?**

a. बासवराज बोम्मई b. जगदीश शेट्टार
c. लक्ष्मण सावदी d. प्रल्हाद जोशी

The ACHIEVERS IAS ACADEMY

**2.गुजरात काडर के किस वरिष्ठ आईपीएस अफसर को दिल्ली पुलिस का नया आयुक्त बनाया गया है?**

a. मनु महाराज b. चंद्र भूषण सिंह

c. राकेश अस्थाना d. अरविंद कुमार चौहान

**3.हाल ही में किस केंद्रीय मंत्री ने सोहरा (चेरापूंजी) में ग्रीन सोहरा वनीकरण अभियान (Green Sohra Afforestation Campaign) लांच किया?**

a. अमित शाह b. राजनाथ सिंह

c. अनुराग ठाकुर d. नितिन गडकरी

**4.यूनेस्को ने किस राज्य में स्थित हड़प्पा युग के महानगर धोलावीरा को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है?**

a. बिहार b. पंजाब

c. तमिलनाडु d. गुजरात

**5.हाल ही में भारत के किस पूर्व महान बैडमिंटन खिलाड़ी का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है?**

a. चेतन आनंद b. प्रकाश पादुकोण

c. श्रीकांत किदम्बी d. नंदू नाटेकर

**6.विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस (World Nature Conservation Day) निम्न में से किस दिन मनाया जाता है?**

a. 10 जनवरी b. 12 मार्च

c. 28 जुलाई d. 20 अप्रैल

**7.हाल ही में किस राज्य सरकार ने शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए 'ड्रिंक फ्रॉम टैप' योजना को शुरू किया है?**

a. ओडिशा b. तमिलनाडु

c. मध्यप्रदेश d. झारखंड

**8.अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वित्त वर्ष 2021-2022 के लिए देश की जीडीपी ग्रोथ रेट को निम्न में से कितने प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है?**

a. 8.5 प्रतिशत b. 9.5 प्रतिशत

c. 7.5 प्रतिशत d. 6.5 प्रतिशत